कार्यालय
**अयोध्या शोध संस्थान**
उ.प्र.संस्कृति विभाग.उ.प्र.
टैलीफैक्स: +91-5278-232982
+91-522-230 0718

Office Of the
**Ayodhya Research Institute**
Department of Culture, Govt.of u.p.
Telefax : +91-5278-232982
+91-522-2300718

पत्र सं0 231 दिनांक 14/2/18

सेवा में,

निदेशक,
वृन्दावन शोध संस्थान,
वृन्दावन, मथुरा।

**विषयः रंगोत्सव-2018 के आयोजन अवसर पर जल सांझी तथा राधा-कृष्ण स्वरूप प्रतियोगिता के सम्बंध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उच्च स्तर पर लिये गये निर्णय के अनुसार वृन्दावन शोध संस्थान को उक्त प्रतियोगिता के संयोजक के रूप में निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता की नियम, शर्तें तथा आवेदन प्रपत्र इस अनुरोध के साथ संलग्न हैं कि इसमें स्थानीय स्तर पर किसी संशोधन की आवश्यकता हो तो उसे अविलम्ब अवगत कराने की कृपा करें जिससे अन्तिम रूप देकर संस्कृति निदेशालय की वेबसाइट में अपलोड किया जा सके। इसे आप वृन्दावन शोध संस्थान की वेबसाइट पर भी अपलोड कर सकते हैं।

भवदीय,

14/2/18

( डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह )
निदेशक

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

संख्या : /अयो0शो0सं0/2017-18, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

( डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह )
निदेशक

*Tulsi Smarak Bhawan Raiganj, Ayodhya, Faizabad, U.P., Pin Code: 224-123 INDIA*
*9th Floor, Room No-938, Jawahar Bhawan, Lucknow, U.P., Pin Code : 226001 INDIA*
**ayodhyaresearch1986@gmail.com, www-ayodhya.co, ayodhyashodh**

## संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा

## 'रंगोत्सव-2018' बरसाना, मथुरा

के आयोजन हेतु

## 'राधा-कृष्ण' स्वरूप एवं जल सांझी प्रतियोगिता

## <u>नियम एवं शर्तें</u>

1. प्रतियोगिता का आयोजन संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा रंगोत्सव-2018 के आयोजन के अवसर पर किया जा रहा है।
2. प्रतियोगिता में 'राधा-कृष्ण स्वरूप' प्रतियोगिता में 10वीं एवं 12वीं के स्कूली छात्र-छात्राओं को छोड़कर सभी प्रतिभाग कर सकते हैं।
3. प्रतियोगिता में राधा और कृष्ण के एक स्वरूप को एक प्रविष्टि के रूप में माना जायेगा तथा उन्हें प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए मार्ग व्यय के रूप में रू0 2100/- (रू0 दो हजार एक सौ मात्र) चेक के माध्यम से दोनों में से किसी एक प्रतिभागी को प्रदान किया जायेगा जो दोनों प्रतिभागियों हेतु होगा।
4. प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रू0 51,000/-, द्वितीय पुरस्कार रू0 31,000/- तथा तृतीय पुरस्कार रू0 21,000/- के पांच, इस प्रकार कुल सात पुरस्कार दिये जायेंगे।
5. 'जल सांझी' प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रू0 10,000/-, द्वितीय पुरस्कार रू0 5,000/- तथा तृतीय पुरस्कार रू0 3,000/- इस प्रकार कुल तीन पुरस्कार दिये जायेंगे।
6. जल सांझी प्रतियोगिता में कोई भी कलाकार प्रतिभाग कर सकता है। प्रतिभागी कलाकार अपने साथ अपनी सुविधानुसार सहयोगी का चयन कर सकता है।
7. प्रतियोगिता हेतु सभी प्रतिभागी अपने वाहन से आयोजन स्थल तक आयेंगे तथा अपनी वेशभूषा एवं जल सांझी के लिए परात, रंग आदि स्वयं लाना होगा।
8. निर्णायक का निर्णय अन्तिम और मान्य होगा।

9. प्रतियोगिता दिनांक 23 फरवरी, 2018 को आयोजित की जायेगी जिसके परिणाम सुरक्षित रहेंगे जिन्हें दिनांक 24 फरवरी, 2018 को प्रातः मुख्य समारोह में घोषित किये जायेंगे। पुरस्कार वितरण मा0मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों से दिये जाने की सम्भावना है।

10. निर्धारित प्रपत्र पर सभी जानकारी पूर्ण करते हुए प्रतिभागी अपना आवेदन दिनांक 21 फरवरी, 2018 तक अनिवार्य रूप से वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन में जमा कर दें।

11. पुरस्कार आदि की धनराशि चेक अथवा आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से प्रदान की जायेगी इसलिए आवेदन पत्र में बैंक का पूरा विवरण अनिवार्य रूप से दिया जाये।

12. आधे-अधूरे तथा अपूर्ण जानकारी के कारण धनराशि प्राप्त न होने की पूरी जिम्मेदारी प्रतिभागियों की होगी तथा आवेदन पत्र किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है।

13. प्रतियोगी पारम्परिक वेशभूषा में प्रतिभाग करेंगे। प्रतिभागियों के द्वारा ब्रज की कला और संस्कृति का प्रदर्शन होना चाहिए।

14. स्वरूप प्रतियोगिता में 10-10 अंकों के चार मानदण्ड होंगे। इस प्रकार कुल 40 अंकों की प्रतियोगिता होगी जिसमें 10 अंक राधा की वेशभूषा पर, 10 अंक कृष्ण की वेशभूषा पर, 10 अंक दोनों के मेकअप पर तथा 10 अंक समवेत रूप में स्वरूप के प्रभाव के आधार पर निर्णायकों द्वारा दिये जायेंगे।

15. जल सांझी प्रतियोगिता में 10-10 अंक के तीन मानदण्ड होंगे, जिसमें 10 अंक आकार पर, 10 अंक रंग संयोजन पर तथा 10 अंक प्रस्तुतिकरण पर निर्णायकों द्वारा दिये जायेंगे।

## संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा'रंगोत्सव-2018' बरसाना, मथुरा के आयोजन हेतु 'राधा-कृष्ण' स्वरूप प्रतियोगिता

## आवेदन-पत्र

| फोटो | फोटो |
|---|---|
| | |

### 1-'राधा स्वरूप'

1. प्रतिभागी का नाम : ..................................................
2. पिता का नाम : ..................................................
3. पता/मोबाइल नम्बर : ..................................................
4. कक्षा तथा विद्यालय का नाम : ..................................................
5. बैंक विवरण- ..................................................
   1. बैंक का नाम ..................................................
   2. खाताधारक कानाम ..................................................
   3. आई0एफ0एस0 कोड

### 2-'कृष्ण स्वरूप'

1. प्रतिभागी का नाम : ..................................................
2. पिता का नाम : ..................................................
3. पता/मोबाइल नम्बर : ..................................................
4. कक्षा तथा विद्यालय का नाम : ..................................................
5. बैंक विवरण- ..................................................
   1. बैंक का नाम ..................................................
   2. खाताधारक कानाम ..................................................
   3. आई0एफ0एस0 कोड

**हम दोनों ने प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तों को पूरी तरह से पढ़ लिया है तथा हम उससे सहमत हैं।**

प्रतिभागी के हस्ताक्षर 1.

2.

## संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा 'रंगोत्सव-2018' बरसाना, मथुरा के आयोजन हेतु 'जल सांझी' प्रतियोगिता

## आवेदन-पत्र

फोटो

1. प्रतिभागी का नाम : ..........................................................
2. पिता का नाम : ..........................................................
3. पता/मोबाइल नम्बर : ..........................................................
4. शैक्षणिक योग्यता : ..........................................................
5. कला क्षेत्र में अनुभव : ..........................................................
6. अन्य सहयोगियों के नाम : ..........................................................
7. बैंक विवरण- : ..........................................................
    1. बैंक का नाम ..........................................................
    2. खाताधारक कानाम ..........................................................
    3. आई0एफ0एस0 कोड

**हमने प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तों को पूरी तरह से पढ़ लिया है तथा हम उससे सहमत हैं।**

प्रतिभागी के हस्ताक्षर